प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 12.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—**

1— एयर इंडिया का यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया शोक।

2— देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान का आज हुआ समापन—केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि अभियान ने वैज्ञानिक अनुसंधान और जमीनी स्तर पर खेती के बीच के अंतर को समाप्त कर दिया है।

3— नारायणपुर जिले में उन्नीस लाख रूपये के इनामी तीन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4— प्रदेश में अगले अड़तालीस घंटे में दक्षिण—पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए बन रही हैं अनुकूल परिस्थितियां—मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**गुजरात—विमान हादसा**

लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई—वन सेवन वन विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें दो पायलट और दस केबिन क्रू शामिल थे। इनमें से एक सौ उनहत्तर भारतीय नागरिक, तिरपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक विमान में सवार थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि किसी भी यात्री के बचने की संभावना नहीं है। दुर्घटना पर अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉटलाइन नंबर — एक आठ शून्य शून्य पांच छह नौ एक चार चार चार (1800 5691 444) जारी किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं। श्री मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति शोक व्यक्त किया है।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान ने वैज्ञानिक अनुसंधान और जमीनी स्तर पर खेती के बीच के अंतर को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है। इस अभियान के समापन अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया।

**कृषि वैज्ञानिक किसान राज्य और केन्द्र सरकार मिलके काम करेगी। एक राष्ट्र, एक कृषि और एक टीम की भावना से यह वैज्ञानिकों पर कृषि विभाग किसानों के साथ लगातार खड़ा रहेगा, संपर्क**

**करेगा और खेती के दिशा को और बदलने की कोशिश करेगा। ताकि हम देश के अन्न भंडार भी भर सकें और प्रधानमत्री जी जो कहते हैं कि दुनिया का फूड बास्केट अगर कल कोई बनेगा तो भारत बनेगा हम अपनी जनता का भी पेट भरेंगे और दुनिया का पेट भरने का काम भी भारत करेगा।**

छत्तीसगढ़ में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन हो गया है। अभियान के अंतिम दिन कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सौम्या दास ने बताया कि इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के किसान भी लाभान्वित हुए।

**शिक्षक—युक्तियुक्तकरण**

प्रदेश में सोलह जून से शुरू होने जा रहे नए शिक्षा सत्र से पहले राज्य सरकार ने चार सौ तिरपन शिक्षक विहीन स्कूलों में से चार सौ सैंतालीस स्कूलों में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर दिया है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शिक्षक विहीन तीन सौ संतावन प्राथमिक शालाओं और तीस माध्यमिक शालाओं में नियमित शिक्षकों की पदस्थापना कर दी गई है। राज्य के शिक्षक विहीन छियासठ हाई स्कूलों में से सुकमा जिले के चार हाई स्कूल और नारायणपुर जिले के दो हाई स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना के लिए अभी काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**रेलवे—टिकट नियम**

भारतीय रेल ने तत्काल टिकट के लिए नए नियमों की घोषणा की है। एक जुलाई से केवल वे लोग ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम—आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। पंद्रह जुलाई से यह नियम आरक्षण काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराने पर भी लागू होंगे। तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से बुक कराने और यात्रियों के हित को सुरक्षित रखने के लिए यह फैसला किया गया है।

**शासकीय कर्मचारी—प्रोफाइल**

राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों की प्रोफाइल को कार्मिक संपदा पोर्टल पर अपलोड और अपडेट करना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल ऐप और वेबपोर्टल विकसित किए गए हैं। इस नई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा वर्ष दो हजार उन्नीस से कार्मिक संपदा मॉड्यूल का उपयोग किया जा रहा था। वहीं, 'डिजिटल प्रशासन – पारदर्शी समाधान' की नीति को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने अब कर्मचारियों की जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से अपडेट करने की अभिनव पहल की है। इस व्यवस्था के लागू हो जाने से कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति, पदोन्नति और वेतन—विसंगति में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इक्कीस जून को सुबह साढ़े छह बजे से सात बजकर चालीस मिनट तक देशभर में एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे। इसमें सामान्य योगाभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष का विषय है **''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य''**। नई दिल्ली में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे।

**माओवादी आत्मसमर्पण/माओवादी शिनाख्त**

नारायणपुर जिले में दो महिला सहित तीन माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से पुरूष माओवादी पर दस लाख रूपये और दोनों महिला माओवादियों पर कुल नौ लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

वहीं, सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र में कल मुठभेड़ में मारे गए दोनों माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए माओवादियों में एक महिला भी शामिल हैं। पुरूष माओवादी पर पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक इंसास राइफल, एक भरमार हथियार और भारी मात्रा में विस्फोटक तथा माओवादी सामाग्री बरामद की है।

## मुख्यमंत्री–ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित ''फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन'' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबकी भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार सत्तर तक कार्बन उत्सर्जन समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में अग्रसर है।

## विश्व रक्तदाता दिवस

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कल रक्तदान के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीन हजार आठ सौ से अधिक आरोग्य मेलों में छियालीस हजार से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान दस हजार से अधिक नागरिकों ने रक्तदान की शपथ ली।
इस वर्ष की थीम **"गीव ब्लड गीव होप टूगेदर वी सेव लाइफ"** के तहत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में रक्तदान पंजीकरण, शपथ समारोह, जागरूकता रैलियां और रक्तदाता सम्मान जैसे आयोजन हुए।

## यूपीएससी–परीक्षा परिणाम

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में देशभर से चौदह हजार एक सौ इकसठ उम्मीदवारों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए हुआ है। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा पच्चीस मई को आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा के लिए क्वालीफाई करने वाले उम्मीदवारों को अब यूपीएससी की मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जो बाईस अगस्त से आयोजित होगी।

संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सफल उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

## स्वास्थ्य विभाग–एमओयू

स्वास्थ्य विभाग ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ, एम्स सहित पांच संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आज नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में इन संस्थाओं के साथ साझा दायित्वों और लक्ष्यों पर सहमति बनी। इस एमओयू से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा टीकाकरण कार्यक्रमों को तकनीकी और रणनीतिक सहयोग मिलेगा।

## विजय भाटिया–रिमांड अवधि

दो हजार करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में आरोपी विजय भाटिया की ग्यारह दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद आज उन्हें रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की कोर्ट ने विजय भाटिया को चौदह दिन यानी छब्बीस जून तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## मौसम
## मौसम का हाल–

मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटे में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। इससे प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने के आसार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोरबा जिले में दो सौ तेईस करोड़ अठासी लाख रूपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

– शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में अनियमितता बरतने के आरोप में दुर्ग संभागायुक्त ने बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी जयसिंह भारद्वाज को निलंबित कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>